मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **31.01.2020**

●आप लोकतंत्र के चौथे स्तंभ। समाज में सकारात्मक ऊर्जा संचार करने के वाहक हैं आप...हेमन्त सोरेन

====================

मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची

विज्ञप्ति संख्या- 122/2020

31 जनवरी 2020

झारखण्ड मंत्रालय, रांची

=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की

===================

आप लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के आप वाहक हैं। आप पर सामाजिक और नैतिक मूल्य की जवाबदेही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों के हर संभव कल्याण के लिए वर्तमान सरकार सदैव कार्य करेगी। आप सभी प्रेस क्लब को नई दिशा देने के लिए निर्वाचित हुए हैं। आप अपने इस उद्देश्य और लक्ष्य का पीछा करते हुए उसे अवश्य हासिल करें। आप सभी मेरी शुभकामनाएं और बधाई स्वीकार करें।

इन पदाधिकारियों व सदस्यों ने की मुलाकात

मुख्यमंत्री से प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री राजेश सिंह, उपाध्यक्ष श्री पिंटू दुबे, महासचिव श्री अखिलेश सिंह, संयुक्त सचिव श्री जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष श्री जयशंकर कुमार, कार्यकारिणी सदस्य श्री प्रशांत कुमार, श्री रंगनाथ चौबे, श्री गिरजाशंकर ओझा, सुश्री प्रियंका मिश्रा, श्री सुनील गुप्ता, प्रभात कुमार, सुनील सिंह व अन्य शामिल थे।

###

======================

#Team PRD (CMO)